हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, रविवार 19 अप्रैल 2026

9 नशा व्यक्ति ही नहीं बल्कि पूरे परिवार को कर देता है खोखला



10 11वें दिन भी जारी रही फायर ब्रिगेड की हड़ताल



## खबर संक्षेप

### फर्जी पेमेंट दिखाकर ठगी करने पर दो आरोपी काबू

**फतेहाबाद।** पेट्रोल पंप पर फर्जी ऑनलाइन पेमेंट का झांसा देकर डीजल डलवाने वाले गिरोह के खिलाफ कार्रवाई करते हुए थाना सदर रतिया पुलिस ने दो युवकों को काबू किया है। आरोपियों की पहचान होशियार सिंह निवासी फतेहाबाद और राहुल उर्फ भोला निवासी भूना के रूप में हुई है। मामले की जानकारी देते हुए थाना सदर रतिया के प्रभारी निरीक्षक प्रहलाद सिंह ने बताया कि रिटोल किसान सेवा केंद्र, गुरूसर के मैनेजर अनूप कुमार की शिकायत कार्रवाई की गई।

### हेरोइन तस्करी का मुख्य सप्लायर गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** नशा तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना शहर फतेहाबाद के अंतर्गत गुरुनानकपुरा चौकी पुलिस ने हेरोइन तस्करी के मामले में मुख्य सप्लायर को गिरफ्तार कर उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। इस मामले में पुलिस पहले ही एक आरोपी को गिरफ्तार कर चुकी थी, जिसकी निशानदेही पर सप्लायर की गिरफ्तारी मुमकिन हो पाई।

### अवैध पिस्तौल के साथ युवक गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** थाना जाखल पुलिस ने गश्त के दौरान एक युवक को काबू कर उसके कब्जे से एक अवैध पिस्तौल बरामद की है। थाना जाखल प्रभारी उपनिरीक्षक सुरेश कुमार ने बताया कि पुलिस टीम कानून-व्यवस्था और सुरक्षा के मद्देनजर जाखल क्षेत्र में रेलवे पुल के पास गश्त पर तैनात थी। इसी दौरान घेराबंदी कर आरोपी को काबू कर लिया।


## नशा बेचकर बनाए आलीशान मकान व गाड़ियां भी छिनेंगी

*नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस का डबल एक्शन*

# 5 नशा तस्करों की 1.5 करोड़ की संपत्ति जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

जिले में नशा तस्करी के जिले में नशा तस्करी के खिलाफ फतेहाबाद पुलिस का अभियान निर्णायक मोड़ पर पहुंच गया है। पुलिस ने 'डबल एक्शन' रणनीति के तहत तस्करों को जेल भेजने के साथ उनकी अवैध संपत्तियों को भी जब्त करना शुरू किया है। इसी कड़ी में पुलिस ने 5 कुख्यात तस्करों की लगभग 80 लाख रुपये की संपत्ति को फ्रीज किया है, जिसकी वर्तमान बाजार कीमत 1.5 करोड़ रुपये से अधिक है। पुलिस अधीक्षक निकिता खट्टर और एएसपी दिव्यांशी सिंगला के नेतृत्व में अब तक 6 तस्करों की करोड़ों की संपत्ति जब्त की जा चुकी है। सीआईए टोहाना ने तस्कर जगसीर सिंह उर्फ जग्गा के खिलाफ कार्रवाई की, जिसके कब्जे से 4 किलो हेरोइन बरामद हुई थी। उसकी संपत्तियां वैध आय से कई गुना अधिक पाई गईं। इसी तरह दूसरे मामले में राकेश कुमार उर्फ कालू को अल्प्राज़ोलम टैबलेट्स के साथ गिरफ्तार किया गया और



**फतेहाबाद।** नशा तस्कर की फ्रीज की गई संपत्ति।

उसकी 60 हजार की मोटरसाइकिल फ्रीज की गई। थाना सदर क्षेत्र के बच्चन सिंह के मामले में चूरापोस्त बरामद होने के बाद उसकी 20 लाख कीमत का मकान और 1.60 लाख की दो मोटरसाइकिलें फ्रीज की गईं। नशा बेचकर बनाए आलीशान मकान व गाड़ियां को भी छीना जाएगा।

### *तीन मोटरसाइकिल की जब्त*

*एक अन्य मामले में थाना शहर टोहाना क्षेत्र में नशा तस्करी के मामले में आरोपी विजय से हेरोइन बरामद की थी। इस मामले में विजय से पूछताछ के आधार पर कुलदीप सिंह उर्फ मंग्गू का नाम सामने आया। जांच में स्पष्ट हुआ कि कुलदीप तस्करी के नेटवर्क का अहम हिस्सा था। पुलिस ने उसका मकान जिसकी कीमत करीब 20 लाख रुपये है, के अलावा और 1.80 लाख रुपये के तीन मोटरसाइकिलों को फ्रीज किया।*

### *सेफमा की अनुमति से कार्रवाई*

*एएसपी दिव्यांशी सिंगला ने जानकारी दी कि इन सभी मामलों में एनडीपीएस अधिनियम की धारा 68-एफ(1) के तहत जांच की गई थी। इसके बाद नई दिल्ली स्थित सेफमा से स्वीकृति प्राप्त कर संपत्तियों को फ्रीज किया गया है। अब इन संपत्तियों को बिना अनुमति न तो बेचा जा सकता है और न ही किसी अन्य के नाम हस्तांतरित किया जा सकता है। एएसपी ने स्पष्ट संदेश देते हुए कहा कि फतेहाबाद पुलिस नशे के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम कर रही है।*

## लोन कंपनी ने सील किया मकान, पंचायत के बाद ताला तोड़ा

- किसान और मजदूरों ने ताला खुलवाने के लिए दिया था धरना

हरिभूमि न्यूज ⏭ चोपटा

क्षेत्र के गांव अरनियांवाली में लोन की किशत नहीं चुकाने पर मकान के लगा ताला खुलवाने के लिए राजस्थान व हरियाणा के किसानों ने दूसरे दिन महापंचायत कर घर का ताला खोल दिया। और सुभाष के परिवार को 70 दिन बाद घर के अंदर प्रवेश करवाया। महापंचायत में





**सिरसा।** गांव अरनियांवाली में महापंचायत में भाग लेते किसान प्रतिनिधि तथा पंचायत के बाद तोड़ा गया गेट का ताला। *फोटो: हरिभूमि*

किसान नेताओं सहित हजारों किसानों ने पंचायत में निर्णय लिया कि घर का ताला खोलकर परिजनों को घर में प्रवेश करवाना चाहिए।

### *क्या है पूरा मामला*

*जानकारी के अनुसार अरनियांवाली निवासी मुकेश धर्मपत्नी सुभाष चंद्र दोनों पति-पत्नी ने इंडिया सेल्टर होम लोन कंपनी से करीबन 11.50 लाख का वर्ष 2024 में होम लोन लिया हुआ था। कंपनी ने दस लाख रुपये की किशत के लिए लोन दिया। इसकी किशत 17000 के लगभग बनती थी। इंडिया सेल्टर होम लोन ने लोन कि कुछ समय से किशत नहीं चुकाने पर 7 फरवरी 2026 को घर के ताला लगा दिया। इससे परिवार के लोगों को परेशानी झेलनी पड़ी। इसी मामले को लेकर दो दिन से किसान मजदूरों ने घर का ताला खुलवाने के लिए धरना दिया।*

## बिजली ट्रांसफार्मर से टकराई स्कूल वैन

- बाल-बाल बची 45 बच्चों की जान, ग्रामीणों ने दिखाया साहस

हरिभूमि न्यूज ⏭ रतिया

क्षेत्र के गांव लाली में शनिवार सुबह एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। एक निजी स्कूल की वैन अनियंत्रित होकर गली के मोड़ पर लगे बिजली के ट्रांसफार्मर से जा टकराई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि वैन के टायरों से अचानक धुआं और चिंगारियां निकलने लगीं। इस दौरान वैन में करीब 45 बच्चे सवार थे, जिससे मौके पर चीख-पुकार मच गई। हालांकि, ग्रामीणों की तत्परता और सूझबूझ के चलते सभी बच्चों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। गांव के प्रदीप, पवन, कश्मीर व



**रतिया।** गांव लाली में ट्रांसफार्मर के पास से गुजरती दूसरे स्कूल की वैन।

अन्य ग्रामीणों ने बताया कि उनके गांव से हर रोज अलग-अलग निजी स्कूल की वैन गांव के करीब 60-70 स्कूली बच्चों को लेकर स्कूलों में जाती है। शनिवार को स्कूली बच्चों को लेकर वैन जैसी ही जाने लगी तो आगे तूड़ी से भरे हुए दो ट्रैक्टर ट्राली की वजह से रास्ता संकरा हो गया था और वैन चालक ने एक साइड से वैन निकालने का प्रयास किया। इसी दौरान वैन ट्रांसफार्मर से टकरा गई।

### ट्रांसफार्मर हटाने की मांग

घटना की सूचना मिलते ही स्कूल प्रबंधन और बिजली निगम के कर्मचारी भी मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों ने सख्त लहजे में कहा कि आज तो बच्चों की जान बच गई, लेकिन यदि भविष्य में कोई अनहोनी होती है, तो इसका जिम्मेदार कौन होगा। ग्रामीणों ने मांग की है कि इस ट्रांसफार्मर को तुरंत यहां से हटाकर सुरक्षित स्थान पर स्थानांतरित किया जाए और लापरवाही बरतने वाले संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। फिलहाल, सभी बच्चे सुरक्षित अपने घर पहुंच चुके हैं, लेकिन इस हादसे ने स्कूल बस चालकों की सावधानी और बिजली विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

टक्कर के तुरंत बाद बस के टायरों से धुआं और चिंगारियां निकलने लगी। हालांकि मौके पर मौजूद ग्रामीणों व अभिभावकों ने समय रहते बच्चों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया।

## परशुराम जन्मोत्सव पर कार्यक्रम आज

**सिरसा।** श्री ब्राह्मण सभा द्वारा भगवान श्री परशुराम जन्मोत्सव व अक्षय तृतीया समारोह 19 अप्रैल को मनाया जाएगा। सभा के प्रधान अर्जुन शर्मा ने बताया कि इस कार्यक्रम में मुख्यातिथि चेयरमैन हरियाणा बीज विकास निगम देव कुमार शर्मा जबकि विशिष्ठ अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष यतींद्र सिंह एडवोकेट, वरिष्ठ भाजपा नेता जगदीश चोपड़ा शामिल होंगे। वहीं मुख्य डेरा बाबा भूमणशाह के गद्दीनशीन संत बाबा ब्रह्मदास मुख्य रूप से कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। उन्होंने बताया कि आगामी 19 अप्रैल को सुबह 7.30 बजे श्री गीता भवन मंदिर में हवन यज्ञ किया जाएगा।

**सुबह 7.30 बजे श्री गीता भवन मंदिर में हवन होगा**

## 2 किलो 100 ग्राम गांजा सहित तस्कर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

नशा तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत सीआईए रतिया पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को काबू कर उसके कब्जे से 2 किलो 100 ग्राम गांजा बरामद किया है। सीआईए रतिया प्रभारी उपनिरीक्षक प्रदीप कुमार ने बताया कि पुलिस टीम गुप्त सूचना के आधार पर फतेहाबाद बाईपास टी-पॉइंट माजरा मोड़ के पास मौजूद थी। सूचना के अनुसार एक युवक नशीला पदार्थ बेचने के उद्देश्य से वहां खड़ा था। सूचना

**अभियान के तहत सीआईए पुलिस की कार्रवाई**



गांजा सहित पकड़ा गया युवक।

पुख्ता होने पर पुलिस टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए बताए गए स्थान पर दबिश दी। मौके पर एक युवक संदिग्ध अवस्था में सफेद रंग का बैग लिए खड़ा दिखाई दिया, जो पुलिस को देखकर घबराने लगा।



## खबर संक्षेप

### जानलेवा हमला व पिस्तौल छीनने का आरोपी काबू

**फतेहाबाद।** खारा खेड़ी गांव में हुई मारपीट, फायरिंग के प्रयास और लाइसेंसी पिस्तौल छीनने के मामले में कार्रवाई करते हुए थाना सदर फतेहाबाद पुलिस ने एक मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। थाना प्रभारी निरीक्षक प्रहलाद के अनुसार, गांव खारा खेड़ी निवासी विनोद कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 16 अप्रैल की रात वह अपने कार्यालय में मौजूद थे। इसी दौरान आरोपी विनोद गोदारा निवासी खारा खेड़ी अपने एक अन्य साथी के साथ ट्रैक्टर पर सवार होकर वहां पहुँचा और गाली-गलौज शुरू कर दी। शिकायतकर्ता ने जब इसका विरोध किया, तो आरोपी ने उन पर देसी कट्टा तान दिया।

### केशव गोवर्धन गोशाला रतिया में हवन संपन्न

**रतिया।** लाली रोड पर स्थित केशव गोवर्धन गोशाला की नवग्रह वाटिका में हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य यजमान के रूप में राजपाल ग्रोवर, अध्यक्ष अरोड़वंश महासभा तथा सतीश हांडा अध्यक्ष पंजाबी सभा ने पूजन कराया। यज्ञ कराने पर मुख्य आचार्य अवधेश शास्त्री ने कहा कि देशी गोवंश और नवग्रह वाटिका के मध्य में हवन करने से सभी ग्रह और पितर शांत होते हैं तथा जीवन में सकारात्मक शक्तियों का आगमन होता है। हर किसी को यहाँ हवन यज्ञ और गोपूजन करना चाहिए। गोशाला के अध्यक्ष विद्यासागर बाघला ने बताया आज से सभी के लिए कि गोशाला में ये व्यवस्था कर दी गई है।

### भगवान परशुराम जयंती पर हवन-यज्ञ आज

**फतेहाबाद।** भगवान श्री परशुराम जन्मोत्सव एवं अक्षय तृतीया के अवसर पर श्री ब्राह्मण सभा, फतेहाबाद द्वारा 19 अप्रैल रविवार को बीघड़ रोड स्थित भगवान श्री परशुराम मंदिर में हवन-यज्ञ का आयोजन किया जाएगा। इस धार्मिक आयोजन को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। कार्यक्रम के अनुसार प्रातः 8 बजे ध्वजारोहण किया जाएगा, जो पंडित चरणजीत शर्मा, भंडारे वाले बाबा के कर-कमलों द्वारा संपन्न होगा। इसके पश्चात प्रातः सवा 8 बजे हवन-यज्ञ शुरू होगा, जिसमें मुख्य यजमान के रूप में देवेंद्र शर्मा, कुम्हारिया वाले एवं उनका परिवार शामिल रहेगा। हवन-यज्ञ के उपरांत श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया जाएगा।

### कन्हड़ी में पोषण सप्ताह पर कार्यक्रम आयोजित

**टोहाना।** बच्चों के पोषण और उनके सर्वांगीण विकास में माताओं के साथ-साथ पुरुषों की सक्रिय भागीदारी को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा चलाए जा रहे पोषण पखवाड़ा के अंतर्गत गांव कन्हड़ी में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सुपरवाइजर करमजीत कौर की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में अनेक गतिविधियां आयोजित हुई। कार्यक्रम के दौरान सुपरवाइजर करमजीत कौर ने उपस्थितजनों को जागरूक करते हुए बच्चे के विकास में पुरुष देखभाल कर्ताओं के महत्व पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला।

### ठगी करने वाला आरोपी पुलिस रिमांड पर

**हांसी।** शहर थाना पुलिस ने नौकरी दिलवाने के नाम पर ठगी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान सिसाय बोलान निवासी खेमचंद उर्फ दीपक के रूप में हुई है। जांच अधिकारी एसआई जोगिंद्र कुमार ने बताया कि आरोपी खेमचंद उर्फ दीपक द्वारा आम लोगों को हरियाणा कौशल रोजगार निगम के तहत नौकरी लगवाने का झांसा देकर रुपए ऐंठे जा रहे थे। इसके अलावा आरोपी द्वारा वाहनों की वैधता बढ़वाने एवं उनकी पासिंग करवाने के कार्यों के नाम पर भी लोगों से धनराशि ली जाती थी। शिकायत प्राप्त होने पर थाना शहर हांसी में आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया। पुलिस कार्रवाई करते हुए पुलिस ने आरोपी को काबू कर अदालत में पेश कर उसे दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

---

### साइक्लोथॉन रैली के माध्यम से युवाओं को दिया नशे दूर रहने का संदेश

# नशा व्यक्ति ही नहीं बल्कि पूरे परिवार व समाज को कर देता है खोखला : एसपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा



सिरसा। साइक्लोथॉन रैली में भाग लेते एसपी व अन्य। फोटो : हरिभूमि

पुलिस अधीक्षक दीपक सहारण ने कहा कि नशा केवल एक व्यक्ति को ही नहीं बल्कि उसके पूरे परिवार और समाज को खोखला कर देता है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे अपनी ऊर्जा को सकारात्मक दिशा में लगाएं और खेल व शिक्षा के क्षेत्र में अपनी रुचि के अनुसार आगे बढ़ें। नशा मुक्त समाज का सपना तभी साकार हो सकता है जब इसमें जनभागीदारी सुनिश्चित हो। एसपी दीपक सहारण शनिवार को सिरसा जिले के रानियां में साइक्लोथॉन रैली को हरी झंडी दिखाने के बाद उपस्थित युवाओं को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि यदि किसी के आसपास कोई व्यक्ति नशे की गिरफ्त में है तो उसे छोडऩे के लिए प्रेरित करना समाज के हर व्यक्ति का दायित्व है। सिरसा पुलिस प्रशासन नशे के आदी युवाओं को मुख्यधारा में वापस लाने के लिए निरंतर प्रयासरत है और इसके लिए हर संभव सहायता प्रदान की जा रही है। एसपी ने साइक्लोथॉन में भाग लेने वाले युवाओं को बब्बर शेर की संज्ञा देते हुए कहा कि नशा मुक्त समाज के निर्माण में युवाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यदि युवा शक्ति जागरूक हो जाए तो वह दिन दूर नहीं जब समाज पूर्ण रूप से नशा मुक्त होगा।

उन्होंने जानकारी दी कि सिरसा पुलिस द्वारा अब तक 172 गांवों तथा ऐलनाबाद, सिरसा और रानियां के 12 वार्डों को नशा मुक्ति का संदेश दे चुकी है। उन्होंने अन्य गांवों के सरपंचों और ग्रामीणों से भी अपील की कि वे इन गांवों को रोल मॉडल मानते हुए अपने क्षेत्रों को नशा मुक्त बनाने में पुलिस प्रशासन का सहयोग करें।

इस अवसर पर युवाओं ने नशे के खिलाफ जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया और नशा मुक्त सिरसा के समर्थन में जोरदार नारे लगाए। इस साइक्लोथॉन रैली में भी डीएसपी सिद्धार्थ बिश्नोई, ऐलनाबाद थाना प्रभारी प्रगट सिंह, रानियां थाना प्रभारी मनिंदर सिंह सहित पुलिस प्रशासन के अधिकारी एवं बड़ी संख्या में युवा शामिल रहे।

#### यहां से गुजरी रैली

यह साइक्लोथॉन रैली रानियां थाना क्षेत्र के अंतर्गत जीवन नगर स्थित सतगुरु प्रताप सिंह स्टेडियम से शुरू होकर संत नगर, जगजीत नगर दमदमा, धर्मपुर, संतोखपुरा, हार्निया, हर्निया खुर्द तथा अमृतसर खुह जैसे कुल 9 गांवों से गुजरते हुए लगभग 20 किलोमीटर का सफर तय कर गुरुदेव इंडोर स्टेडियम संत नगर में संपन्न हुई।

---



## डीएवी पुलिस स्कूल में महात्मा हंसराज जयंती पर बहुआयामी चरित्र निर्माण कार्यक्रम में लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

डीएवी पुलिस स्कूल, फतेहाबाद में महान शिक्षाविद् एवं युगप्रवर्तक महात्मा हंसराज जी की जयंती के अवसर पर कक्षा 8 के विद्यार्थियों के लिए बहुआयामी चरित्र निर्माण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों के समग्र विकास के साथ-साथ उनमें नैतिक मूल्यों, आत्म-जागरूकता एवं जिम्मेदारी की भावना का विकास करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चारण एवं शांति पाठ के साथ हुआ, जिससे वातावरण सकारात्मक एवं आध्यात्मिक बन गया। इसके पश्चात विद्यार्थियों को महात्मा हंसराज के जीवन, उनके आदर्शों एवं शिक्षा के क्षेत्र में उनके योगदान से अवगत कराया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न ज्ञानवर्धक एवं सहभागितापूर्ण सत्र आयोजित किए गए।

#### विभिन्न सत्र संपन्न

आत्म-जागरूकता सत्र के माध्यम से विद्यार्थियों को स्वयं की पहचान, अपनी क्षमताओं एवं कमजोरियों को समझने तथा आत्मविश्वास बढ़ाने के लिए प्रेरित किया गया। नैतिक मूल्यों पर आधारित सत्र में ईमानदारी, अनुशासन, सम्मान, परिश्रम एवं सहयोग जैसे जीवन मूल्यों का महत्व समझाया गया। वैदिक मूल्यों के साथ संगीत एवं पेपर आर्ट गतिविधि सत्र के अंतर्गत विद्यार्थियों ने पेपर क्राफ्ट गतिविधियों के माध्यम से संस्कार, सहभागिता एवं सहयोग जैसे मूल्यों को सीखा। मूल्यांकन जागरूकता सत्र में विद्यार्थियों को परीक्षा मूल्यांकन प्रक्रिया, अंक वितरण एवं उत्तर लेखन की प्रभावी विधियों के बारे में जानकारी दी गई, जिससे वे अपने शैक्षणिक प्रदर्शन को बेहतर बना सकें। प्रधानाचार्या ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उन्हें महात्मा हंसराज जी के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित किया।

---

## रिटायर्ड कर्मचारी 21 अप्रैल को डीसी कार्यालय पर करेंगे विशाल रोष प्रदर्शन


फतेहाबाद। बैठक में भाग लेते रिटायर्ड कर्मचारी संघ के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

- रिटायर्ड कर्मचारी संघ ब्लॉक फतेहाबाद की बैठक प्रधान मा. रामदास की अध्यक्षता में संपन्न

रिटायर्ड कर्मचारी संघ ब्लॉक फतेहाबाद की बैठक आज ब्लॉक प्रधान मा. रामदास की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक का संचालन ब्लॉक सचिव हरकिशन लाल कम्बोज ने किया। इस अवसर पर राज्य कमेटी से जोगेन्द्र सिंह भ्याना, जिला वित्त सचिव रघुनाथ मेहता और जिला सचिव बेगराज विशेष तौर पर उपस्थित रहे। बैठक के आरंभ में हाल ही में हुए हादसों और दिवंगत साथियों को श्रद्धांजलि दी गई।

बैठक को संबोधित करते हुए मास्टर रामदास और हरकिशन लाल कम्बोज ने कहा कि अखिल भारतीय राज्य सरकारी पेंशनर्स फैडरेशन के आह्वान पर 21 अप्रैल को पूरे देश में रोष प्रदर्शन किया जा रहा है। इसी कड़ी में फतेहाबाद के पेंशनर्स भी अपनी मांगों को लेकर जिला उपायुक्त कार्यालय पर विशाल प्रदर्शन करेंगे और मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपेंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र और राज्य सरकार धीरे-धीरे पेंशनर्स के अधिकारों को समाप्त कर रही है, जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

#### प्रमुख मांगें

संघ ने मांग की है कि 65 वर्ष की आयु में 10 प्रतिशत और 75 वर्ष की आयु में 20 प्रतिशत मूल पेंशन में वृद्धि की जाए। कम्यूट की गई राशि की कटौती 15 वर्ष की बजाय केवल 11 वर्ष तक की जाए। पैनल वाले अस्पतालों में मुफ्त इलाज, 3000 मासिक मेडिकल भत्ता और बिलों के भुगतान की समय सीमा तय हो। पेंशन संबंधित वित्त विधेयक 2025 को तुरंत वापस लिया जाए और 8वें वेतन आयोग का लाभ सभी पेंशनर्स को मिले। अगर सरकार ने आठवें वेतन आयोग में छीने गए लाभ रोके तो रिटायर्ड कर्मचारी संघ सड़कों पर उतरने को मजबूर होंगे।

---

## आज नहीं जागे तो पड़ेगा पछताना, युवा पीढ़ी को नशे से बचाना हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी : भवानी सिंह

### चाय की चुस्कियों के बीच युवाओं को नशे से दूर रहने का संदेश

- महाशक्ति चैरिटेबल ट्रस्ट ने जिले को नशा मुक्त बनाने के लिए मिशन मोड पर काम कर रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद


फतेहाबाद। चाय की चुस्कियों के साथ युवाओं को नशे के खिलाफ जागरूक करते भवानी सिंह।

आज की युवा पीढ़ी को नशे की दलदल से बचाना केवल सरकार या पुलिस का काम नहीं है, बल्कि यह हम सभी की सामूहिक सामाजिक जिम्मेवारी है। नशा एक ऐसी दीमक है जो हमारे समाज की नींव को खोखला कर रही है। यदि हम आज सचेत नहीं हुए और अपनी आने वाली नस्लों को इस बुराई से नहीं बचाया, तो भविष्य में हमारे पास पछताने के अलावा कुछ नहीं बचेगा। यह बात महाशक्ति चैरिटेबल ट्रस्ट के संस्थापक भवानी सिंह ने आज शहर में युवाओं को संबोधित करते हुए कहे। नशा मुक्ति के लिए जिले भर में अलख जगा रहे भवानी सिंह आज एक अलग अंदाज में नजर आए। उन्होंने जीटी रोड स्थित दिल्ली वाला अस्पताल के बाहर 'मोदी टी स्टाल' पर युवाओं के बीच बैठकर चाय की चुस्कियां लेते हुए उनसे दिल की बात की और नशे के खिलाफ इस जंग में साथ आने का आह्वान किया। यहां एकत्रित युवाओं के साथ चाय पीते हुए उन्होंने बड़े ही सरल अंदाज में नशे के दुष्प्रभावों को समझाया।

भवानी सिंह ने कहा कि नशा न केवल स्वास्थ्य को नष्ट करता है, बल्कि व्यक्ति के आत्मसम्मान और परिवार की खुशियों को भी निगल जाता है। युवाओं ने भवानी सिंह की इस पहल की सराहना की और विश्वास दिलाया कि वे न केवल खुद नशे से दूर रहेंगे, बल्कि समाज में अन्य लोगों को भी इसके प्रति जागरूक करेंगे। गौरतलब है कि महाशक्ति चैरिटेबल ट्रस्ट फतेहाबाद जिले को नशा मुक्त बनाने के लिए मिशन मोड पर काम कर रहा है। भवानी सिंह के नेतृत्व में ट्रस्ट द्वारा जिले भर के गांवों और शहरों में लगातार खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं, ताकि युवाओं की ऊर्जा को खेलों के माध्यम से सकारात्मक दिशा दी जा सके। ट्रस्ट का मानना है कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का वास होता है और खेल नशे का सबसे बड़ा दुश्मन है। इस अवसर पर वजीर सिंह, रूपन महतानी, पवन गुज्जर, ललित कुमार, राजू गुज्जर, हरमीत सिंह, अशोक रत्ताटिब्बा, अंकुश, विवेक शर्मा, महेन्द्र मास्टर, कृष्ण पारचा, नीलू ठाकुर, रितिक ठाकुर सहित अनेक युवा मौजूद रहे।

---

### एसएस जैन सभा श्याम नगर में श्रद्धापूर्वक मनाई अक्षय तृतीया, अनुपम मुनि महाराज ने बताया पर्व का महत्व

**फतेहाबाद।** भारतीय संस्कृति एवं धर्मों में अत्यंत महत्वपूर्ण और शुभ माने जाने वाले अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर श्याम नगर स्थित एसएस जैन सभा में धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अनुपम मुनि जी महाराज के पावन सान्निध्य में आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया और गन्ने के रस से पारणा कर पुण्य लाभ अर्जित किया। धर्मसभा को संबोधित करते हुए अनुपम मुनि जी महाराज ने अक्षय तृतीया के महत्व एवं इससे जुड़ी पावन कथाओं का सुंदर वर्णन किया। उन्होंने बताया कि जैन धर्म में इस दिन का विशेष महत्व है, क्योंकि यही वह पावन दिवस है जब प्रथम तीर्थंकर भगवान ऋषभदेव जी ने एक वर्ष की कठिन तपस्या के पश्चात श्रियांस कुमार के द्वारा गन्ने के रस से पारणा किया था। मुनि श्री ने कहा कि यह केवल एक साधारण पारणा नहीं था, बल्कि यह त्याग, तप और संयम की एक महान परंपरा का आरंभ था। इसी घटना की स्मृति में आज भी लाखों श्रद्धालु व्रत, तप और आराधना करते हैं। उन्होंने बताया कि हिन्दू धर्म में भी अक्षय तृतीया का अत्यंत व्यापक महत्व है। इसी शुभ दिन भगवान परशुराम जी का अवतरण हुआ था। ऐसी मान्यता भी है कि भगवान गणेश जी ने महान ग्रंथ महाभारत के लेखन का कार्य भी इसी शुभ मुहूर्त में प्रारंभ किया था। इसके अतिरिक्त प्राचीन ब्राह्मण कथाएं भी इस दिन से जुड़ी हुई हैं, जो दान, धर्म और पुण्य के विशेष महत्व को दर्शाती हैं।



### विपक्ष के षड्यंत्र ने महिला सम्मान पर किया आघात : खिचड़



**फतेहाबाद।** संसद में नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर हुई हालिया मतदान प्रक्रिया में बिल के पास न हो पाने को लेकर जिला परिषद की चेयरपर्सन एडवोकेट सुमन खिचड़ ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि यह विधेयक महिलाओं को राजनीतिक रूप से मजबूत बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक पहल था, जिसका उद्देश्य लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में 33 प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करना था। सुमन खिचड़ ने कहा कि कांग्रेस, टीएमसी, डीएमके और सपा जैसे विपक्षी दलों ने एकजुट होकर इस बिल का विरोध किया, जिससे यह पारित नहीं हो सका। उन्होंने इसे सुनियोजित राजनीति बताते हुए कहा कि विपक्ष महिलाओं के सशक्तिकरण की बात तो करता है, लेकिन जब ठोस कदम उठाने का समय आता है तो पीछे हट जाता है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने हमेशा महिला आरक्षण जैसे अहम मुद्दों को केवल चुनावी वादों तक सीमित रखा है और जमीनी स्तर पर कभी गंभीर प्रयास नहीं किए। उन्होंने कहा कि संसद में इस बिल को आवश्यक दो-तिहाई बहुमत नहीं मिल पाना इस बात का प्रमाण है कि विपक्ष की नीयत महिलाओं को अधिकार देने की नहीं है। इस बिल को रोककर विपक्ष ने देश की आधी आबादी के सपनों को ठेस पहुंचाई है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण से वंचित रखना उनके संवैधानिक अधिकारों की अनदेखी है। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि विपक्षी दल महिलाओं को केवल वोट बैंक के रूप में देखते हैं, न कि उन्हें निर्णय प्रक्रिया में भागीदार बनाना चाहते हैं। वंदन अधिनियम केवल एक कानून नहीं, बल्कि महिलाओं को बराबरी का हक देने की दिशा में एक मजबूत कदम था।

### अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियां तेज

**फतेहाबाद।** हरियाणा योग आयोग एवं आयुष विभाग, फतेहाबाद के तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर का शनिवार को समापन हुआ। 16 से 18 अप्रैल तक चले इस प्रशिक्षण शिविर में जिलेभर के योग सहायकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर योग की बारीकियों को गहराई से सीखा। शिविर का आयोजन डॉ. प्रवीण शर्मा के मार्गदर्शन में किया गया, जबकि योग कोऑर्डिनेटर डॉ. भारती और योग विशेषज्ञ अंबिका पांटा ने प्रशिक्षक की भूमिका निभाई।



प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को आयुष मंत्रालय द्वारा निर्धारित 'योग प्रोटोकॉल' के सभी अभ्यासों की विस्तार से जानकारी दी गई। योग विशेषज्ञ अंबिका पांटा ने प्रत्येक योग सहायक से व्यक्तिगत संवाद स्थापित कर उन्हें योग की सूक्ष्म तकनीकों का अभ्यास करवाया। समापन अवसर पर सभी योग सहायक योग प्रोटोकॉल के अभ्यास में पूर्णतः निपुण नजर आए। उन्होंने आत्मविश्वास के साथ आगामी अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को सफल बनाने का संकल्प लिया। इस मौके पर डॉ. प्रवीण शर्मा और डॉ. भारती ने कहा कि प्रशिक्षित योग सहायक अब ग्रामीण स्तर पर लोगों को योग के प्रति जागरूक करेंगे और योग को जन-जन तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाएंगे।

### पूर्व उपमुख्यमंत्री के काफिले को रोकना और हथियार दिखाना ओछी मानसिकता का प्रतीक : जतिन



**फतेहाबाद।** जननायक जनता पार्टी के युवा जिलाध्यक्ष जतिन खिलेरी ने हिसार में प्रदेश के पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला के काफिले को पुलिस द्वारा जबरन रोकने, हथियार दिखाने और धमकी देने की घटना पर कड़ा रोष प्रकट किया है। जतिन खिलेरी ने इसे प्रदेश के लोकतंत्र के लिए एक 'काला दिन' बताते हुए सरकार और पुलिस प्रशासन की इस कार्रवाई की घोर निंदा की है।

युवा जेजेपी नेता ने कहा कि हिसार में पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला के साथ जो व्यवहार किया गया, वह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। बीजेपी सरकार अब सरेआम गुंडागर्दी पर उतर आई है। जब भी जननायक जनता पार्टी और हमारे नेता दुष्यंत चौटाला व दिग्विजय चौटाला आमजन या प्रदेश के लाखों छात्र-छात्राओं की जायज मांगों को लोकतांत्रिक तरीके से उठाते हैं, तो सरकार पुलिस के दम पर उन्हें दबाने का प्रयास करती है। खिलेरी ने कहा कि एक पूर्व उपमुख्यमंत्री और वाई प्लस श्रेणी की सुरक्षा प्राप्त नेता की गाड़ी को जबरन रोकना और उन पर पिस्टल तानना किसी गहरी साजिश की ओर इशारा करता है। उन्होंने सवाल उठाया कि यदि पुलिस की मंशा साफ थी, तो दुष्यंत चौटाला द्वारा गाड़ी रोकने के प्रयास पर पुलिसकर्मी वहां से भाग क्यों खड़े हुए, यह स्पष्ट करता है कि दाल में कुछ काला है। युवा जिलाध्यक्ष ने बीजेपी सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि सरकार प्रदेश की जनता को जातियों में बांटकर आपस में लड़ाने का जो काम कर रही है, उसे अब प्रदेश के लोग समझ चुके हैं। अब प्रदेश की जनता इनके किसी झांसे में नहीं आएगी। जतिन खिलेरी ने साफ शब्दों में चेतावनी देते हुए कहा कि हमारे नेताओं के मान-सम्मान को ठेस पहुंचाना किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने मांग की कि इस घटिया हरकत को अंजाम देने वाले पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ तुरंत सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए।

---

### बेसहारा और मंदबुद्धि बुजुर्गों की जांच कर दी आवश्यक सलाह

# सतगुरु अपना घर आश्रम में बुजुर्गों का किया स्वास्थ्य परीक्षण, मेडिकल टीम ने दी सेवाएं

- दवाइयों की जरूरत और उनकी दिनचर्या से जुड़े पहलुओं का भी मूल्यांकन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद


फतेहाबाद। मेडिकल कैम्प में मंदबुद्धि लोगों की स्वास्थ्य जांच करते विशेषज्ञ।

बाईपास स्थित सद्गुरू कृपा अपना घर मंगल राधिका सदानंद सेवा धाम में शनिवार को आश्रम में रह रहे मंदबुद्धि और बेसहारा बुजुर्गों के लिए स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान सिविल हॉस्पिटल फतेहाबाद की मेडिकल टीम ने सभी जरूरतमंदों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें आवश्यक परामर्श और उपचार संबंधी जानकारी दी। शिविर का उद्देश्य आश्रम में रह रहे लोगों के स्वास्थ्य की नियमित निगरानी सुनिश्चित करना रहा। मेडिकल टीम में डॉ. सुनीता चावला, नर्सिंग स्टाफ से प्रवीन तथा प्रमोद शामिल रहे। टीम ने बुजुर्गों की सामान्य स्वास्थ्य जांच, दवाइयों की जरूरत और उनकी दिनचर्या से जुड़े पहलुओं का भी मूल्यांकन किया। जरूरत के अनुसार मरीजों को आगे के उपचार के लिए सलाह दी गई। आश्रम प्रबंधन ने मेडिकल टीम के इस सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया और कहा कि ऐसे प्रयासों से बेसहारा और जरूरतमंद बुजुर्गों को समय पर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल पाती हैं। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी इस प्रकार के स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जाते रहेंगे, ताकि निवासियों का बेहतर स्वास्थ्य सुनिश्चित किया जा सके। इस अवसर पर आश्रम से जुड़े सदस्यों ने सेवा कार्यों में सहयोग देने वाले सभी लोगों का धन्यवाद किया और इसे सामाजिक जिम्मेदारी की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। आश्रम की ओर से कहा गया कि यह सेवा कार्य स्वामी सदानंद जी महाराज के आशीर्वाद से निरंतर जारी है, जिसके माध्यम से जरूरतमंदों की सेवा और देखभाल की जा रही है।

## खबर संक्षेप

### घर से आभूषण व अन्य सामान चोरी

**ओढां।** पुलिस ने गांव ओढ़ां निवासी एक महिला की शिकायत पर अज्ञात लोगों के खिलाफ उसके घर के ताले तोडक़र मोबाइल, आभूषण व एलईडी चोरी करने के आरोप में विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया है। पुलिस को दी शिकायत मेंकमलेश कौर ने बताया कि बीती 11 अप्रैल को वह अपने घर को ताले लगाकर अपने बेटे विक्रम सिंह के साथ हरिद्वार गई थी। 14 अप्रैल की सायं जब वे वापस घर पहुंचे तो देखा कि घर के अंदर कमरों के ताले टूटे हुए थे और सामान बिखरा पड़ा था।

### नि:शुल्क करियर काउंसलिंग सेमिनार आज

**सिरसा।** अखिल भारतीय अरोड़ा एकता परिवार द्वारा 19 अप्रेल को नि:शुल्क कैरियर काउंसलिंग सेमिनार का आयोजन किया जाएगा। परिवार के कार्यकारी प्रधान सतबीर सिंह धमीजा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुभाष मोंगा, महासचिव नरेश बजाज, उपाध्यक्ष हरीश सचदेवा, रोजगार प्रकोष्ठ के प्रधान डीपी मलिक, कैरियर काउंसलिंग प्रकोष्ठ के अध्यक्ष अमित तनेजा, उपाध्यक्ष सुरेश सेठी ने संयुक्त रूप से बताया कि यह सेमिनारप्लेनेट वी इमिग्रेशन कार्यालय में आयोजित किया जाएगा।

### पुस्तकों का दान सबसे श्रेष्ठ : प्रो. जगदीश

**ओढां।** चौधरी देवीलाल इंजीनियरिंग एवं तकनीकी संस्थान को एक अधिकारी ने पुस्तकों का प्रेरणादायी दान संस्थान के पुस्तकालय में देकर शैक्षणिक संसाधनों के विस्तार के लिए पहल की गई है। भारत संचार निगम लिमिटेड में जीटीओ के पद पर कार्यरत संजय नेरानिया ने राजकीय इंजीनियरिंग एवं तकनीकी संस्थान के छात्र-छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य को घ्यान में रखते हुए इंजीनियरिंग एवं तकनीकी विषयों के साथ-साथ अन्य विविध विषयों से संबंधित महत्वपूर्ण एवं उपयोगी पुस्तकों का दान किया।

### इंवर्टर-बैटरी चोरी का आरोपी काबू

**सिरसा।** पुलिस ने एक मकान से इंवर्टर की बैटरी चोरी करने के आरोपी का काबू किया है। मकान मालिक अजय कुमार ने शिकायत में बताया कि 16 अप्रैल को रात्रि के समय मकान से अज्ञात युवकों ने इनवर्टर की बैटरी चोरी कर फरार हो गए। उन्होंने बताया कि थाना की एक पुलिस टीम ने जांच के दौरान महत्वपूर्ण सुराग जुटाते हुए चोरी की वारदात में संलिप्त आरोपी शंकर उर्फ शेखर पुत्र राजकुमार निवासी कंगनपुर को गिरफ्तार कर चोरीशुदा इंवर्टर की बैटरी बरामद कर ली है।

### निर्माणाधीन धर्मशाला से बिजली का सामान चोरी

**सिरसा।** कालांवाली में बनाई जा रही धर्मशाला से चोर बिजली की तारों सहित कीमती सामान चोरी कर ले गए। प्रधान दर्शन सिंह सहित जगदेव सिंह, राजू छिंदा आदि ने बताया कि सभा द्वारा उक्त रोड पर धर्मशाला का निर्माण करवाया जा रहा है। जोकि निर्माणाधीन है। वहां पर बिजली की तारें, लोहे का सामान सहित अनय कीमती सामान पड़ा था। शनिवार को जब वे वहां पर गए तो धर्मशाला में बने कमरे का ताला टूटा पडा था ओर कमरे में पडा लोहे का कीमती सामान गायब था।

---

हड़ताल के कारण गेहूं कटाई के बीच बढ़ता जा रहा है आगजनी का खतरा

# फायर ब्रिगेड कर्मियों की हड़ताल 11वें दिन जारी, विभिन्न संगठनों का मिला समर्थन

**पार्षद प्रतिनिधियों व नपा कर्मचारी संघ के जिला प्रधान ने टीम के साथ दिया समर्थन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



फतेहाबाद। फायर कर्मचारियों के धरने को समर्थन देते पार्षद व अन्य सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि। फोटो : हरिभूमि

फतेहाबाद में अग्निशमन कर्मचारियों की हड़ताल शनिवार को 11वें दिन में प्रवेश कर गई। फतेहाबाद में फायर ब्रिगेड कार्यालय के समक्ष कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर डटे हुए हैं। इस हड़ताल की अध्यक्षता इकाई प्रधान विनोद खिचड़ द्वारा की गई, जबकि मंच का संचालन राज्य सचिव सतबीर सहारण ने किया। हड़ताल के 11वें दिन विभिन्न संगठनों और जन प्रतिनिधियों ने धरना स्थल पर पहुंचकर कर्मचारियों की मांगों का पुरजोर समर्थन किया। समर्थन देने वालों में प्रमुख रूप से पार्षद मोहन लाल नारंग, पार्षद प्रतिनिधि योगी हंसराज, सुखदेव सिंह, निर्मल सिवाच, चंद्रभान, कपिल खत्री, मनोज भयाना और पार्षद प्रतिनिधि राजेंद्र आहूजा शामिल रहे। इसके अलावा नगरपालिका कर्मचारी संघ फतेहाबाद के जिला प्रधान विजय ढाका ने भी अपनी टीम के साथ पहुंचकर कर्मचारियों की आवाज बुलंद की।

#### सरकार जांबाज कर्मियों पर कर रही कड़ा प्रहार

धरने को संबोधित करते हुए मोहन लाल नारंग ने सरकार की नीतियों पर कड़े प्रहार किए। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार इन जांबाज कर्मचारियों के साथ सरासर अन्याय कर रही है। मात्र 16 हजार रुपये की मामूली तनख्वाह में ये कर्मचारी अपनी जान जोखिम में डालकर दूसरों की रक्षा करते हैं। महंगाई के दौर में इतनी कम सैलरी में परिवार का भरण-पोषण करना असंभव है। फरीदाबाद अग्निकांड में शहीद हुए दो कर्मचारियों के परिवारों को एक करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता और सरकारी नौकरी तुरंत दी जानी चाहिए।

#### सरकार कर रही बड़ी अनहोनी का इंतजार

हड़ताल का सबसे गंभीर पहलू यह है कि वर्तमान में प्रदेश में गेहूं की कटाई का सीजन चरम पर है। तापमान बढने के कारण खेतों और खलिहानों में आगजनी की घटनाएं आए दिन हो रही हैं। ऐसे संवेदनशील समय में अग्निशमन सेवाओं का ठप होना किसी बड़ी त्रासदी को निमंत्रण देने जैसा है। सतबीर सहारण ने कहा कि सरकार शायद किसी बड़ी अनहोनी का इंतजार कर रही है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने उनकी जायज मांगों को जल्द पूरा नहीं किया, तो यह आंदोलन और भी उग्र रूप धारण करेगा। इस दौरान महेंद्र सिंह, जय सिंह, इन्द्र बुगालिया, पंकज भादू और सुमित कुमार सहित भारी संख्या में अग्निशमन कर्मचारी उपस्थित रहे और सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

---

## प्रदेश में किसी व्यापारी से ज्यादती सहन नहीं: गर्ग



फतेहाबाद। व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष बजरंग गर्ग व्यापारी प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

- फतेहाबाद में बाजार वाइज प्रभारी किए नियुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

शहर के व्यापारी प्रतिनिधियों की मीटिंग हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष व हरियाणा कान्फैड के पूर्व चेयरमैन बजरंग गर्ग की अध्यक्षता में हुई। बैठक में फतेहाबाद व्यापार मंडल के बाजारों के अलग-अलग प्रभारी बनाने पर विचार किया गया। प्रांतीय अध्यक्ष बजरंग गर्ग ने संबोधित करते हुए कहा कि हरियाणा प्रदेश में व्यापार मंडल की इकाइयों का विस्तार किया जा रहा है। हरियाणा में किसी भी व्यापारी के साथ ज्यादती सहन नहीं करेंगे व होने नहीं देंगे। अगर हरियाणा प्रदेश में किसी भी सरकारी अधिकारी ने निजी स्वार्थ के लिए किसी भी व्यापारी को तंग करने की कोशिश की तो उसे बक्शा नहीं जाएगा। हरियाणा में व्यापार मंडल व्यापारी व उद्योगपतियों की समस्या का समाधान करने के लिए रात-दिन प्रयास कर रहा है। बजरंग गर्ग ने कहा कि सरकार को हरियाणा में व्यापार व उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए ज्यादा से ज्यादा सुविधा देनी चाहिए। बजरंग गर्ग ने फतेहाबाद शहर के अलग-अलग बाजारों के प्रभारी नियुक्त किया। नए प्रभारी को व्यापार मंडल प्रधान बजरंग गर्ग, प्रदेश सचिव विनोद अरोड़ा, प्रदेश संगठन मंत्री सुरेंद्र मित्तल, फतेहाबाद प्रधान अशोक नारंग व प्रदेश सचिव श्याम सुन्दर बंसल ने उनका सम्मान किया।

#### इन्हें मिली जिम्मेदारी

इस अवसर पर थाना रोड प्रभारी देवेंद्र मोगा, प्रेम मोंगा, यश मेहता, सुभाष, चंदन गोस्वामी, धर्मशाला रोड से सुरेंद्र सोनी, परम अरोड़ा, लवली मेहता व तुलसीदास चौक से संजू गुलाटी, गौरव वर्मा, मनोज, हंस मार्केट से सुरेंद्र मेहता, सुरेश बंसल, सन्नी ग्रोवर, पवन जिंदल, गोल्डी वाट्स व पुरानी सब्जी मंडी से अशोक खट्टर, मोहन अरोड़ा, रमेश मदान को, चार मरला में जितेंद्र सरदाना, अनिल वधवा को, जवाहर चौक से विकास उतरेजा, नीरज भटेजा, महेश बजाज, नीरज चौधरी, गुरदीप बग्गा व शिव चौक से हेमराज बजाज, ललित चौधरी को, जीटी रोड में श्याम सुंदर, शक्ति नारंग, मॉडल टाउन, पपीहा रोड से पंकज कुक्कड़ को प्रभारी बनाया गया व शहर के बाकी अन्य बाजारों में भी जल्द ही नए प्रभारियों की नियुक्ति की जाएगी।

---

## सीएमके कॉलेज में समानता, अधिकार व सहयोग तंत्र विषय पर हुआ जागरूकता सत्र

- शैक्षणिक शिक्षा अधिकारों व कर्तव्यों के लिए आवश्यक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा



सिरसा। मुख्य वक्ता को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

सीएमके नेशनल स्नातकोत्तर महाविद्यालय में विधिक जागरूकता विषय पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्राचार्या अंशु उप्पल ने कहा कि विद्यार्थियों के समग्र विकास के लिए केवल शैक्षणिक शिक्षा ही नहीं, बल्कि उनके अधिकारों एवं कर्तव्यों की जानकारी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम विद्यार्थियों में आत्मविश्वास बढ़ाने के साथ-साथ उन्हें सामाजिक रूप से अधिक सजग बनाते हैं। संयोजिका डॉ. दीपिका शर्मा ने बताया कि विद्यार्थियों को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक करने के साथ-साथ उनकी समस्याओं के समाधान के लिए उपलब्ध सहायता तंत्रों की जानकारी भी प्रदान की। लाला हंसराज फुटेला कॉलेज ऑफ लॉ की डॉ. ममता ने विद्यार्थियों को भारतीय संविधान में निहित समानता के अधिकार, कानूनी सुरक्षा प्रावधानों, उत्पीडऩ से बचाव के उपायों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

## लिवर बीमारियों का बढ़ता खतरा समय रहते जांच जरूरी: डॉ. भरत

- विश्व लिवर दिवस पर लोगों को खान-पान सुधारने की सलाह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



डॉ. भरत।

विश्व लिवर दिवस के अवसर पर हिसार स्थित सुखदा अस्पताल के डीएम गैस्ट्रोलॉजिस्ट डॉ. भरत ने लोगों को लिवर की सेहत के प्रति सजग रहने की सलाह दी है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में बदलती जीवनशैली, असंतुलित खान-पान और नशे की आदतों के कारण लिवर से जुड़ी बीमारियों के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। खासकर युवाओं में फैटी लिवर और अन्य समस्याएं पहले की तुलना में अधिक सामने आ रही हैं, जो भविष्य में गंभीर रूप ले सकती हैं। विश्व में 19 अप्रैल को लिवर दिवस मनाया जाता है।

डॉ. भरत ने बताया कि लिवर शरीर का एक महत्वपूर्ण अंग है, जो खून को साफ करने, पाचन क्रिया को सुचारू बनाए रखने और शरीर से विषैले तत्वों को बाहर निकालने का कार्य करता है। यदि लिवर प्रभावित होता है तो इसका असर पूरे शरीर पर पड़ता है और कई जटिल बीमारियां उत्पन्न हो सकती हैं। उन्होंने कहा कि आज की भागदौड़ भरी जीवनशैली में लोगों की शारीरिक गतिविधियां कम हो गई हैं।

---

## न्यूज डायरी

### महिला आरक्षण के नाम पर लोकतंत्र से खिलवाड़ करने की साजिश बेनकाब : सांसद सैलजा

**सिरसा।** सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा ने भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि महिलाओं के अधिकारों के नाम पर देश के लोकतंत्र, संविधान और संघीय ढांचे को कमजोर करने की साजिश रची जा रही थी, जिसे एकजुट विपक्ष ने समय रहते विफल कर दिया। सांसद ने शनिवार को जारी प्रेस बयान में कहा कि सरकार महिला आरक्षण के नाम पर परिसीमन का ऐसा जाल बुन रही थी, जिससे राजनीतिक संतुलन बिगाडक़र लोकतांत्रिक व्यवस्था को अपने पक्ष में मोड़ा जा सके।

### सर्व शिक्षा अभियान में विद्यार्थियों को बांटी साइकिलें

**सिरसा।** राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के प्रांगण में सर्व शिक्षा अभियान के अंतर्गत छठी कक्षा के अनुसूचित जाति के विद्यार्थी जो कि 3 किलोमीटर से अधिक दूरी से आते हैं उन्हें साइकिल वितरित की गई। इस अवसर पर विद्यार्थियों के अभिभावकों को भी बुलाया गया। इस अवसर पर चमन भारतीय शिक्षाविद् ने कहा कि साइकिल मिलने से छठी कक्षा के जो विद्यार्थी 3 किलोमीटर से ज्यादा दूरी से आते हैं, उनको विद्यालय पर समय पर आने में सुविधा होगी और थकान से भी राहत मिलेगी और साथ में समय की भी बचत होगी।

### चत्तरगढ़ पट्टी स्कूल में विद्यार्थियों के खोले बैंक खाते

**सिरसा।** राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक विद्यालय, चत्तरगढ़ पट्टी में नए विद्यार्थियों के लिए बैंकिंग सुविधाओं को सुनिश्चित करने के लिए इंडियन ओवरसीज बैंक के कर्मचारियों ने विशेष शिविर का आयोजन किया। इस दौरान बैंक टीम ने मौके पर ही 48 बच्चों के बैंक खाते खोले। यह प्रयास शिक्षा विभाग की योजनाओं को जमीनी स्तर पर प्रभावी ढंग से लागू करने का एक उत्कृष्ट उदाहरण है। स्कूल प्रभारी बंसी लाल झोरड़ ने बताया कि विद्यालय टीम के निरंतर प्रयासों का ही परिणाम है कि पिछले मात्र 15 दिनों में 110 नए विद्यार्थियों का दाखिला हुआ है।

### गोशाला मोहल्ला स्कूल में छात्रों को बांटी स्टेशनरी

**सिरसा।** बाबा सरसाईनाथ सेवा ट्रस्ट ने गुरु तेग बहादुर के जन्मदिवस पर सरकारी स्कूल गोशाला मोहल्ला के विद्यार्थियों को स्टेशनरी वितरित की गई। कार्यक्रम में मुख्यातिथि चौ. देवीलाल विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. सुनील शर्मा थे। कुलसचिव डॉ. सुनील शर्मा ने कहा कि धैर्य, वैराग्य और त्याग की मूर्ति गुरु तेग बहादुर ने दशकों तक साधना की थी। उन्हें हिंद की चादर इसलिए कहा जाता है, क्योंकि उन्होंने कश्मीरी पंडितों और अन्य लोगों के धार्मिक अधिकारों की रक्षा के लिए औरंगजेब के अत्याचारों के सामने अपना शीश कटा दिया था, लेकिन धर्म परिवर्तन स्वीकार नहीं किया।

### युवा पीढ़ी तार्किक शक्ति विकसित कर संस्कृति संरक्षण में दे योगदान: विजय कुमार

**सिरसा।** युवा पीढ़ी को अपने भीतर तार्किक शक्ति का विकास करना चाहिए तथा अपनी छिपी हुई प्रतिभा को पहचान कर उसे निखारना चाहिए। कला एवं संस्कृति के प्रचार-प्रसार में युवाओं की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। ये विचार क्षेत्रीय संगठन मंत्री संस्कार भारती, विजय कुमार ने व्यक्त किए। कुलगुरु प्रो. विजय कुमार ने कहा कि कल्पना और कला मानव जीवन को नई दिशा देने वाली सृजनात्मक शक्तियां हैं। शिक्षा तभी सार्थक होती है जब विद्यार्थियों में रचनात्मक सोच, संवेदनशीलता और अभिव्यक्ति का विकास हो।

---

## महिला आरक्षण बिल पर कांग्रेस के रुख को लेकर उठे सवाल: वेद

- चेयरमैन वेद फूलां का आरोप : महिलाओं के अधिकारों के मुद्दे पर पार्टी का रुख विरोधाभासी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



वेद फुलां।

भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष, सिरसा जिला प्रभारी एवं हरकोफेड के चेयरमैन वेद फूलां ने महिला आरक्षण बिल को लेकर कांग्रेस पर गंभीर सवाल उठाए हैं। उन्होने कहा कि संसद में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने वाले विधेयक पर कांग्रेस का रुख उसके घोषित विचारों के विपरीत नजर आता है। उन्होंने इसे महिलाओं के अधिकारों के प्रति असंगत दृष्टिकोण बताते हुए कहा कि इससे पार्टी की नीतियों और व्यवहार के बीच अंतर स्पष्ट होता है। चेयरमैन ने कहा कि कांग्रेस लंबे समय से सार्वजनिक मंचों पर महिलाओं के अधिकारों और उनके सशक्तिकरण की बात करती रही है, लेकिन जब उन्हें राजनीतिक प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने के लिए ठोस कदम उठाने का अवसर मिला, तब उसका समर्थन नहीं किया गया। उनके अनुसार यह स्थिति दर्शाती है कि राजनीतिक बयानबाजी और वास्तविक निर्णयों में अंतर बना हुआ है, जिसे अब जनता भी समझने लगी है।

## एसपी खट्टर ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिसकर्मियों को पत्र देकर किया सम्मानित

- निरीक्षक साधुराम, उप निरीक्षक सुरेश हुए पुरस्कृत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद



फतेहाबाद। पुलिस कर्मचारियों को सम्मानित करते एसपी निकिता खट्टर।

पुलिस अधीक्षक निकिता खट्टर द्वारा जिला पुलिस के उन अधिकारियों व कर्मचारियों को सम्मानित किया गया, जिन्होंने अपने कर्तव्य निर्वहन में उत्कृष्ट कार्य करते हुए विभाग का नाम रोशन किया। सम्मानित किए गए पुलिसकर्मियों में निरीक्षक साधु राम, उप निरीक्षक सुरेश थाना प्रभारी जाखल, उप निरीक्षक रमेश कुमार, सहायक उप निरीक्षक श्रवण, सहायक उप निरीक्षक जय सिंह, सहायक उप निरीक्षक सुशील कुमार, पीएसआई सुमित, महिला मुख्य सिपाही सुमित्रा, मुख्य सिपाही संदीप, सिपाही विनोद कुमार, सिपाही वरुण कुमार, सिपाही प्रदीप तथा होमगार्ड कृष्ण शामिल हैं। एसपी ने कहा कि पुलिस विभाग में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मियों का सम्मान करना अन्य कर्मचारियों के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के सम्मान से पुलिस बल का मनोबल बढ़ता है और वे और अधिक लगन व प्रतिबद्धता के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हैं।

---

### लर्निंग लाइसेंस के लिए रेडक्रॉस का फर्स्ट एड प्रशिक्षण अनिवार्य, शुल्क 300 रुपये निर्धारित

**सिरसा।** लर्निंग लाइसेंस बनवाने की प्रक्रिया को अधिक सरल और जागरूक बनाने के उद्देश्य से जिला रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा एक दिवसीय बेसिक फर्स्ट एड प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है। यह प्रशिक्षण सडक़ सुरक्षा के साथ-साथ आपातकालीन परिस्थितियों में प्राथमिक उपचार की जानकारी देने के लिए बेहद उपयोगी साबित हो रहा है। यह प्रमाण पत्र केवल वाहन चालक लाइसेंस के लिए ही वैध होगा। इस प्रशिक्षण को इच्छुक आवेदक ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यमों से प्राप्त कर सकते हैं। आवेदन करने के लिए उम्मीदवारों को हरियाणारेडक्रॉसडॉटइन वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन पंजीकरण करना अनिवार्य है। प्रशिक्षण का शुल्क 300 रुपये निर्धारित किया गया है। प्रशिक्षण पूरा करने के बाद प्रतिभागियों को बेसिक फर्स्ट एड का प्रमाण पत्र जारी किया जाता है, जो लर्निंग लाइसेंस बनवाने में सहायक होता है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 9315429403, 8291554800, 7988727916

---

स्लोगन राइटिंग में शिवानी व पत्र लेखन में दामिनी ने पाया प्रथम स्थान

## सीडीएलयू के 'कलरव' फेस्ट में एमएम कॉलेज के विद्यार्थियों का दबदबा

**विज्ञापन लेखन में रिया व ऑन स्टेज गतिविधि में कॉलेज टीम द्वितीय**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद।



फतेहाबाद। विजेता छात्रों को बधाई देते एमएम कॉलेज प्राचार्य डॉ. गुरचरण दास।

चौधरी देवी लाल विश्वविद्यालय सिरसा के अंग्रेजी विभाग द्वारा आयोजित दो दिवसीय 'कलरव' फेस्ट में फतेहाबाद के एमएम कॉलेज के विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए शानदार प्रदर्शन किया। इस उत्सव में विभिन्न ऑफ-स्टेज और ऑन-स्टेज प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया था, जिसमें एमएम कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने कई प्रमुख श्रेणियों में शीर्ष स्थान हासिल किए। कॉलेज के विद्यार्थियों ने नितिन सचदेवा, भारती और प्रीत के मार्गदर्शन में इस फेस्ट में हिस्सा लिया। एमएम कॉलेज के विद्यार्थियों द्वारा अनेक प्रतियोगिताओं में उपलब्धियां दर्ज की गई। स्लोगन राइटिंग में एमएम कॉलेज की शिवानी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया वहीं पत्र लेखन में दामिनी ने पहला स्थान हासिल कर कॉलेज का नाम रोशन किया। विज्ञापन लेखन रिया बंसल द्वितीय स्थान पर रही वहीं नाटक में कॉलेज की टीम ने ऑन-स्टेज गतिविधि में दूसरा स्थान पाया।

#### रवि रहे तृतीय

कैप्शन राइटिंग हिंदी में कॉलेज के रवि कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया तथा काव्य पाठ में मन्नत कौर तीसरे स्थान पर रही। सोसायटी के चेयरमैन आत्मप्रकाश बत्रा, प्रधान राजीव बत्रा, उपप्रधान अशोक तनेजा, सचिव विनोद मेहता एडवोकेट, कोषाध्यक्ष कैलाश बत्रा, बीएड कॉलेज के उपप्रधान संजय बत्रा, मैनेजमेंट सदस्य नीरज शर्मा, उषा दहिया ने विजेता छात्र-छात्राओं को उनकी सफलता पर बधाई दी। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. गुरचरण दास ने अव्वल रहे विद्यार्थियों की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के मंच विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास और उनकी छिपी हुई प्रतिभा को निखारने के लिए बेहद आवश्यक हैं।

## नवोदय विद्यालय ने जूडो में जीते 15 गोल्ड




**ओढां।** नवोदय विद्यालय समिति के अंतर्गत संचालित पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय ओढ़ा में आयोजित संभागीय स्तरीय जूडो एवं संकुल स्तरीय योगा प्रतियोगिता संपन्न हो गई। जूडो प्रतियोगिता में जवाहर नवोदय विद्यालय के प्रतिभागियों ने 15 गोल्ड मेडल जीतकर चैंपियनशिप हासिल की। इस प्रतियोगिता में विभिन्न नवोदय विद्यालयों से आए प्रतिभागी विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए उत्कृष्ट खेल कौशल एवं योग प्रदर्शन का परिचय दिया। जूडो मुकाबलों में खिलाड़ियों ने अनुशासन, तकनीक एवं साहस का शानदार प्रदर्शन किया वहीं योग प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने शारीरिक संतुलन, लचीलापन एवं मानसिक एकाग्रता का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया।

